भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या 10**

**07 दिसम्बर, 2022 के लिए प्रश्न**

**पीडीएस के अंतर्गत राज्यों को जारी खाद्यान्नों की मात्रा**

***10 श्री रमेश चन्द्र माझी:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राज्यों को जारी किए गए खाद्यान्न की कुल मात्रा विशेषकर ओडिशा सहित राज्य-वार कितनी है;

(ख) पीडीएस के तहत वास्तव में वितरित किए गए खाद्यान्न की मात्रा कितनी है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान प्रत्येक राज्य के पास बचे खाद्यान्न की राज्य-वार मात्रा का ब्यौरा क्या है;

(घ) इसका उपयोग राज्य-वार किस प्रकार किया गया है/किये जाने का प्रस्ताव है; और

(ड) क्या देश में पीडीएस के समुचित कार्यान्वयन के लिए कोई नीति बनाई गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्री**

**(श्री पीयूष गोयल)**

**(क) से (ड.):** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

**लोक सभा में दिनांक 07 दिसम्बर, 2022 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न सं. 10 के उत्तर के भाग (क) से (ड.) में उल्लिखित विवरण**

**(क):** पिछले 3 वर्षों और चालू वर्ष, 2022-23 (अक्तूबर, 2022 तक) के दौरान लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस) के तहत ओडिशा सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को लगभग 1728 लाख टन खाद्यान्न की कुल मात्रा जारी की गई थी। ब्यौरा **अनुबंध-I (क)** में दिया गया है।

**(ख):** उपर्युक्त भाग (क) में उल्लिखित उक्त अवधि के दौरान टीपीडीएस के तहत सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा लगभग 1750 लाख टन खाद्यान्न की कुल मात्रा वितरित की गई थी।

**(ग):** ब्यौरा **अनुबंध-I (ख)** में दिया गया है।

**(घ):** टीपीडीएस के तहत खाद्यान्नों का उठान और वितरण एक सतत प्रक्रिया है। जरूरत/पात्रता के अनुसार, टीपीडीएस के तहत वितरण हेतु राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (केन्द्रीय पूल से) खाद्यान्नों का उठान करते हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को अपनी स्थानीय आवश्यकता के अनुसार भविष्य के वितरण चक्र के लिए अग्रिम रूप में (आपूर्ति श्रृंखला आवश्यकताओं के आधार पर उच्च मात्रा) खाद्यान्न का उठान करने की अनुमति भी होती है।

**(ङ):** केन्द्र और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों की संयुक्त जवाबदेही के तहत टीपीडीएस का प्रचालन किया जाता है। केन्द्र सरकार केवल खरीद, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (एनएफएसए) के अनुसार आवंटन तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में भारतीय खाद्य निगम के नामित डिपुओं तक ऐसे खाद्यान्नों के परिवहन के लिए उत्तरदायी होती है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के भीतर खाद्यान्नों का उठान और वितरण करने हेतु प्रचालनात्मक जिम्मेदारियां, पात्र लाभार्थियों की पहचान करने, उन्हें राशन कार्ड जारी करने, शिकायतों का निपटान करने तथा उचित दर दुकानों (एफपीएस) आदि के कार्यों का पयर्वेक्षण और निगरानी करने संबंधी जिम्मेदारियां संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के पास होती है। इसके अलावा, प्रौद्योगिकी सुधारों के एक भाग के रूप में, पीडीएस का एक सिरे से दूसरे सिरे तक कंप्यूटरीकरण करने संबंधी स्कीम समूचे देश में कार्यान्वित की गई है, ताकि आधार-बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के जरिए देश में एनएफएसए लाभार्थियों का पारदर्शी और सही तरह से लक्षित करना सुनिश्चित किया जा सके। एक राष्ट्र एक राशन कार्ड (ओएनओआरसी) योजना प्रवासी लाभार्थियों को मौजूदा (पुराना) राशन कार्ड से सुप्रवाही रूप में समूचे देश में एनएफएसए/पीएमजीकेएवाई राशन लाभों की पोर्टेबिलिटी प्रदान करती है।

******

**अनुबंध-I(क)**

**लोक सभा में दिनांक 07 दिसम्बंर, 2022 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 10 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**टीपीडीएस/एनएफएसए के तहत 2019-20 से 2022-23 (अक्तूबर, 2022 तक) तक खाद्यान्न (गेहूं और चावल) का उठान और वितरण**

अनंतिम

टन में

| क्र.सं. | | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23(अक्तूबर, 2022 तक) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **उठान** | **वितरण** | **उठान** | **वितरण** | **उठान** | **वितरण** | **उठान** | **वितरण** |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 1687 | 2934 | 2489 | 1813 | 4090 | 3844 | 2361 | 2429 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1849848 | 1760954 | 2005887 | 1724092 | 1750856 | 1722006 | 1079749 | 1008296 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 57772 | 67015 | 55465 | 54634 | 52473 | 71717 | 35004 | 33072 |
| 4 | असम | 1632792 | 1692429 | 1484489 | 1653890 | 1549194 | 1490390 | 1015466 | 931044 |
| 5 | बिहार | 5403948 | 5559992 | 5183855 | 5045663 | 4890761 | 5208477 | 3058723 | 3062969 |
| 6 | छत्तीसगढ | 1374945 | 1374816 | 1375292 | 1373477 | 1376739 | 1369439 | 807380 | 780680 |
| 7 | दादरा एवं नगर हवेली | 11017 | 9944 | 14573 | 14594 | 14422 | 14707 | 8411 | 8790 |
| 8 | दमन दीव | 4287 | 4254 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 436490 | 411163 | 449472 | 400203 | 402235 | 443860 | 269747 | 257267 |
| 10 | गोवा | 34398 | 33306 | 32461 | 33983 | 33008 | 34039 | 20783 | 18020 |
| 11 | गुजरात | 1924613 | 1915400 | 2011139 | 2053472 | 2014515 | 2087143 | 1240908 | 1231757 |
| 12 | हरियाणा | 594993 | 672166 | 619657 | 714480 | 640430 | 715122 | 423787 | 446162 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 204300 | 191644 | 202290 | 183330 | 200852 | 185252 | 118439 | 109445 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 487839 | 425902 | 450948 | 418194 | 406126 | 400496 | 231567 | 237383 |
| 15 | झारखंड | 1678827 | 1614337 | 1760584 | 1610410 | 1501655 | 1653756 | 1047762 | 977762 |
| 16 | कर्नाटक | 2630854 | 2082648 | 2370320 | 2510747 | 1839458 | 2461594 | 1120962 | 1445761 |
| 17 | केरल | 927971 | 985909 | 996310 | 1008332 | 981656 | 985089 | 605975 | 570658 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 0 | 55628 | 2234 | 7873 | 5321 | 6971 | 4347 |
| 19 | लक्षद्वीप | 1429 | 318 | 1016 | 595 | 1390 | 185 | 925 | 315 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 3394007 | 3035492 | 3184182 | 3021648 | 3064797 | 3044049 | 1597861 | 1810551 |
| 21 | महाराष्ट्र | 4029097 | 3951083 | 3988186 | 4114605 | 3515638 | 4092942 | 1780008 | 2218927 |
| 22 | मणिपुर | 155855 | 89061 | 158866 | 165819 | 121623 | 128324 | 78502 | 83242 |
| 23 | मेघालय | 140624 | 135366 | 139155 | 133712 | 137734 | 142739 | 83847 | 79806 |
| 24 | मिजोरम | 47517 | 37766 | 44841 | 45508 | 45100 | 44680 | 24579 | 26592 |
| 25 | नगालैंड | 89774 | 89328 | 91689 | 79755 | 88528 | 66132 | 49110 | 39485 |
| 26 | ओडिशा | 2047239 | 2113791 | 2078529 | 2160641 | 1991198 | 2115773 | 1552022 | 1231373 |
| 27 | पंजाब | 615082 | 780130 | 465276 | 845262 | 879690 | 859436 | 434898 | 435060 |
| 28 | राजस्थान | 2843387 | 2568516 | 2752219 | 2702496 | 2543827 | 2587805 | 1488062 | 1499102 |
| 29 | सिक्किम | 26248 | 28143 | 25270 | 25559 | 24210 | 26020 | 15552 | 15358 |
| 30 | तमिलनाडु | 2669677 | 2376757 | 2404391 | 2402172 | 2005951 | 2295047 | 1343596 | 1361004 |
| 31 | तेलंगाना | 1342013 | 1186038 | 1240754 | 1221316 | 1269421 | 1198924 | 756030 | 700565 |
| 32 | त्रिपुरा | 157758 | 156972 | 149097 | 158748 | 118005 | 161664 | 76363 | 93727 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 8959590 | 8845034 | 9003628 | 9301128 | 8529734 | 9353959 | 4593695 | 4692832 |
| 34 | उत्तराखंड | 402937 | 415591 | 362921 | 371163 | 469655 | 397138 | 232751 | 218437 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 3919510 | 3938481 | 3940655 | 3908901 | 3817032 | 3824566 | 2125787 | 2183405 |
| | **सकल योग** | **50098328** | **48552681** | **49101531** | **49462578** | **46289873** | **49191631** | **27327583** | **27815622** |

उठान स्रोत: भारतीय खाद्य निगम

वितरण स्रोत: राज्यों द्वारा बताए गए अन्नवितरण पोर्टल से लिया गया है।

**अनुबंध-I(ख)**

**लोक सभा में दिनांक 07 दिसम्बंर, 2022 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 10 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**2019-20 से 2022-23 तक (अक्तूबर, 2022 तक) टीपीडीएस/एनएफएसए के तहत खाद्यान्न का समेकित उठान और वितरण**

अनंतिम    टन में

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | उठान | वितरण | अंतर * |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 10627 | 11020 | -393 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 6686340 | 6215348 | 470992 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 200714 | 226438 | -25724 |
| 4 | असम | 5681941 | 5767753 | -85812 |
| 5 | बिहार | 18537287 | 18877101 | -339814 |
| 6 | छत्तीसगढ | 4934356 | 4898412 | 35944 |
| 7 | दादरा एवं नागर हवेली, | 48423 | 48035 | 388 |
| 8 | दमन और दीव | 4287 | 4254 | 33 |
| 9 | दिल्ली | 1557944 | 1512493 | 45451 |
| 10 | गोवा | 120650 | 119348 | 1301 |
| 11 | गुजरात | 7191176 | 7287773 | -96598 |
| 12 | हरियाणा | 2278867 | 2547930 | -269063 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 725881 | 669670 | 56211 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 1576480 | 1481976 | 94505 |
| 15 | झारखंड | 5988828 | 5856265 | 132563 |
| 16 | कर्नाटक | 7961594 | 8500749 | -539155 |
| 17 | केरल | 3511912 | 3549988 | -38076 |
| 18 | लद्दाख | 70473 | 11902 | 58571 |
| 19 | लक्षद्वीप | 4759 | 1413 | 3346 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 11240847 | 10911740 | 329107 |
| 21 | महाराष्ट्र | 13312929 | 14377556 | -1064627 |
| 22 | मणिपुर | 514846 | 466446 | 48400 |
| 23 | मेघालय | 501359 | 491624 | 9735 |
| 24 | मिजोरम | 162037 | 154546 | 7491 |
| 25 | नगालैंड | 319102 | 274699 | 44403 |
| 26 | ओडिशा | 7668988 | 7621578 | 47410 |
| 27 | पंजाब | 2394946 | 2919889 | -524943 |
| 28 | राजस्थान | 9627495 | 9357920 | 269575 |
| 29 | सिक्किम | 91280 | 95080 | -3799 |
| 30 | तमिलनाडु | 8423615 | 8434981 | -11366 |
| 31 | तेलंगाना | 4608218 | 4306843 | 301375 |
| 32 | त्रिपुरा | 501223 | 571111 | -69888 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 31086646 | 32192953 | -1106307 |
| 34 | उत्तराखंड | 1468264 | 1402329 | 65935 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 13802984 | 13855352 | -52368 |
| | कुल | 172817315 | 175022512 | -2205197 |

* 43 महीनों (अप्रैल, 2019 से अक्तूबर, 2022) के उठान और वितरण के बीच का कुल अंतर

उठान स्रोत: एफसीआई

वितरण स्रोत: राज्यों द्वारा बताए गए अन्नवितरण पोर्टल से लिया गया है।